मुंबई, मंगलवार, 04 अगस्त, 2026

मूल्य : 0.00/- । कुल पृष्ठ 04

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com
+91-95945-42679

Digital Edition

वर्ष 12 । अंक 272

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत

{ अनमोल वचन }

सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिनाइयों से घबराते नहीं, बल्कि उनसे सीखते हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग व्यवस्था हो प्रभावी : प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

» सलूंबर में चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक, नए जिला अस्पताल का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश

**सलूंबर।** प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कार्मिक पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ कार्य करें तथा मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाएं।

जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा संस्थागत व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी., अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सपेला, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. नरोत्तम शर्मा, परियोजना अधिकारी मातृत्व स्वास्थ्य सेवा डॉ. तरुण चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र परमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**एएनसी रिकॉर्ड और रिपोर्टिंग में पारदर्शिता पर जोर**

प्रमुख शासन सचिव ने गंभीर एनीमिया की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला के एएनसी रिकॉर्ड का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। ममता कार्ड में दर्ज आंकड़ों का अनिवार्य रूप से क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाए तथा रिपोर्टिंग पूरी तरह तथ्यात्मक और पारदर्शी हो। उन्होंने एएनसी पंजीयन में कमी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को नियमित रूप से एएनएम के साथ सेक्टर बैठकें आयोजित करने तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्ता सुधार गतिविधियों को गति देने पर बल दिया।

**रिक्त पद भरने और स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत करने पर जोर**

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कार्मिकों के रिक्त पदों को भरने तथा टीबी मुक्त भारत अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताई। इस पर प्रमुख शासन सचिव ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की ड्यूटी, उपलब्धता और समय की जानकारी सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधा मिल सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र परमार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, जननी सुरक्षा योजना, लाड़ो प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।



प्रमुख शासन सचिव ने दिव्यांगजन, मानसिक रोग एवं अन्य मामलों के लिए गठित मेडिकल बोर्ड की नियमित बैठकें आयोजित करने तथा उनकी तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा ने ईएनटी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, सर्जन एवं इंसुलिन की उपलब्धता का मुद्दा उठाया। इस पर प्रमुख शासन सचिव ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**निर्माणाधीन जिला अस्पताल का किया निरीक्षण**

समीक्षा बैठक के बाद प्रमुख शासन सचिव ने निर्माणाधीन नए जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य एवं डक्टिंग में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं के विकास, मोर्चरी में रैंप निर्माण सहित सभी अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव एवं जिला कलक्टर ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इसके बाद उन्होंने पुराने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर प्रसव सखी केंद्र, इमरजेंसी, वार्ड एवं प्रसव कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा नए जिला अस्पताल के निर्माण कार्य में तेजी लाकर उसे शीघ्र शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## खबर संक्षिप्त

### शहरी सेवा शिविर में 10वें दिन भी लोगों को मिली राहत, 54 स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त

**दयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निगम के शहरी सेवा शिविर 2026 के दसवें दिन बड़ी संख्या में शहरवासियों ने विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य, सफाई, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन सहित विभिन्न शाखाओं से जुड़े आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया गया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि शिविर में स्ट्रीट लाइट से जुड़े 68 आवेदनों में से 54 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं स्वास्थ्य एवं सफाई से संबंधित 84 में से 75 शिकायतों का समाधान, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से जुड़े 230 प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके अलावा नामांतरण, लाइसेंस और ईडब्ल्यूएस से जुड़े प्रकरणों का भी निस्तारण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के तहत 30 पौधे लगाए गए।

### लसाड़िया दौरे पर रहेंगे जिला कलेक्टर, जनसुनवाई भी करेंगे

**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. सोमवार को लसाड़िया क्षेत्र का दौरा कर तहसील कार्यालय एवं मतदान केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। वे प्रशासनिक व्यवस्थाओं, मूलभूत सुविधाओं और अभिलेखों की समीक्षा के साथ जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनेंगे तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे।

### मिशन सलूम्बर की प्रगति पर होगी समीक्षा

**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. मिशन सलूम्बर अभियान के तहत झल्लारा ब्लॉक में समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में डीईओ, सीबीईओ सहित संबंधित अधिकारी अभियान की प्रगति, शैक्षणिक गुणवत्ता और निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा करेंगे। जिला कलेक्टर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### श्रावण के प्रथम सोमवार पर प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में देवस्थान विभाग की ओर से रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर प्रदेश में सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और खुशहाली की कामना की। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रमुख मंदिरों के संरक्षण और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को देवस्थान विभाग के शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव के दर्शन किए।

### श्रावण के प्रथम सोमवार पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महा रुद्राभिषेक



**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर जयसमंद झील की पाल स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जिला स्तरीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। देवस्थान विभाग के तत्वावधान में भगवान नर्मदेश्वर महादेव का विधि-विधान से महा रुद्राभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती संपन्न हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, उत्तम वर्षा और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी रुद्राभिषेक एवं महाआरती में भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठान देवस्थान विभाग के सान्निध्य में संपन्न हुए तथा मंदिर परिसर शिवभक्ति और जयघोषों से गूंज उठा।

### गाड़िया लोहार समाज में पहली बार हुआ नेत्रदान, दो लोगों को मिलेगी नई रोशनी



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** गाड़िया लोहार समाज में पहली बार नेत्रदान का प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया है। 25 वर्षीय प्रहलाद लोहार की आकस्मिक मृत्यु के बाद परिजनों ने नेत्रदान की सहमति देकर दो दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में नई रोशनी की उम्मीद जगाई। आरएनटी मेडिकल कॉलेज की नेत्रदान काउंसलर रेखा जैन की प्रेरणा से यह नेत्रदान संभव हो सका। रेखा जैन ने बताया कि नेत्रदान समाज में बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यह सरल और सुरक्षित मानवीय सेवा है, जिसमें केवल कॉर्निया लिया जाता है और मृतक के चेहरे पर कोई विकृति नहीं आती। उन्होंने आमजन से नेत्रदान के प्रति जागरूक होकर इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

## कैब में हुई मोहब्बत, पत्नी बनी रास्ते की दीवार... फिर रच डाली खौफनाक हत्या की साजिश

♦ प्रेमिका संग मिलकर पत्नी की हत्या, गोमती में फेंका शव; गुमशुदगी का ड्रामा भी नहीं बचा सका आरोपी




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**लखनऊ।** एक कैब यात्रा से शुरू हुई प्रेम कहानी ने आखिरकार एक महिला की जान ले ली। राजधानी लखनऊ में पुलिस ने ऐसे सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया है, जिसमें एक कैब चालक ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी और खुद को बचाने के लिए उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट तक दर्ज करा दी। लेकिन पुलिस की गहन जांच के आगे आरोपी की पूरी साजिश बेनकाब हो गई। पुलिस जांच के अनुसार आरोपी कैब चालक की मुलाकात एक महिला यात्री से हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम संबंध स्थापित हो गए। दोनों साथ जीवन बिताना चाहते थे, लेकिन आरोपी की पत्नी उनके रिश्ते में सबसे बड़ी बाधा बन गई। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसे रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रची। योजना के तहत आरोपी ने पत्नी की हत्या कर दी और वारदात के बाद सबूत मिटाने के इरादे से शव को गोमती नदी में फेंक दिया। इतना ही नहीं, खुद पर किसी प्रकार का शक न हो, इसके लिए आरोपी ने पुलिस थाने पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और परिजनों के सामने उसकी तलाश का नाटक करता रहा। मामले की जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के बयान पर संदेह हुआ। कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य महत्वपूर्ण सुरागों की पड़ताल में कहानी की परतें खुलती चली गईं। कड़ी पूछताछ में आरोपी टूट गया और पूरी वारदात कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस ने उसकी प्रेमिका को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने और आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जांच एजेंसियां अब यह भी पता लगा रही हैं कि इस वारदात की योजना कब से बनाई जा रही थी और इसमें किसी अन्य व्यक्ति की भी भूमिका थी या नहीं। यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि अवैध संबंधों की अंधी चाह कई बार रिश्तों की मर्यादा को लांघकर जघन्य अपराध का रूप ले लेती है।

## एसीबी की बड़ी कार्रवाई: परिवहन विभाग के अधिकारी की कार से 28,110 की संदिग्ध नकदी जब्त

» राजसमंद परिवहन कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी पर कार्रवाई, घर पर भी एसीबी की तलाशी जारी




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राजसमंद परिवहन कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कलोलिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी निजी कार एवं जामा तलाशी के दौरान 28,110 की संदिग्ध नकद राशि बरामद की है। राशि के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एसीबी ने उसे साक्ष्य के रूप में जब्त कर लिया। मामले में आगे की जांच एवं वैधानिक कार्रवाई जारी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह आकस्मिक चेकिंग कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि राजसमंद जिला परिवहन कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कलोलिया कार्यालय समय के बाद कथित अवैध वसूली की राशि लेकर अपनी निजी कार से राजसमंद से उदयपुर की ओर रवाना होंगे।

सूचना के आधार पर डॉ. रामेश्वर सिंह, उप महानिरीक्षक पुलिस, एसीबी के सुपरविजन तथा गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसीबी चित्तौड़गढ़ के नेतृत्व में नेगड़िया श्रीनाथजी उदयपुर प्राइवेट लिमिटेड टोल प्लाजा पर विशेष नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन हुंडई क्रेटा (आरजे-27-सीके-4001) को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान वाहन के डैशबोर्ड एवं दिनेश कलोलिया की जामा तलाशी से कुल 28,110 नकद बरामद हुए। पूछताछ में राशि के संबंध में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किए जाने पर एसीबी ने उक्त नकदी को संदिग्ध मानते हुए जब्त कर लिया। प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर एसीबी मुख्यालय के निर्देशानुसार उदयपुर स्थित दिनेश कलोलिया के निवास पर भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## पप्पू यादव के बयान के विरोध में उदयपुर में प्रदर्शन, जीरो एफआईआर दर्ज



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सांसद पप्पू यादव के कथित बयान के विरोध में सोमवार को उदयपुर में संत समाज ने प्रदर्शन कर भूपालपुरा थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराई। संत समाज के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान संत समाज ने कहा कि संबंधित बयान से सनातन परंपराओं और श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। प्रदर्शनकारियों ने दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और मामले में उचित कदम उठाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## तेज रफ्तार और स्टंटबाजी पर प्रतापगढ़ पुलिस का शिकंजा, 17 पावर बाइक की गई डिटेन

» पारसोला थाना पुलिस की कार्रवाई, सोशल मीडिया पर स्टंट और आमजन में भय फैलाने वालों को दी सख्त चेतावनी




**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** जिले की पारसोला थाना पुलिस ने तेज रफ्तार और स्टंटबाजी कर आमजन में भय का माहौल पैदा करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 पावर बाइक डिटेन की हैं। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के विशेष अभियान के तहत की गई।.जिला पुलिस अधीक्षक विशाल जांगिड़ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयदेव सियाग, पुलिस उप अधीक्षक नानालाल सालवी के मार्गदर्शन तथा पारसोला थानाधिकारी राकेश कटारा के नेतृत्व में गठित टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर तेज गति से बाइक चलाकर लोगों में भय पैदा करने और युवाओं को स्टंट के लिए प्रेरित करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 17 पावर बाइक डिटेन की गईं। प्रतापगढ़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज के लिए सड़क पर स्टंट न करें और न ही हथियारों या खतरनाक स्टंट के फोटो-वीडियो अपलोड करें। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रख रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी स्टंटबाजी या इस प्रकार की गतिविधियां दिखाई दें तो इसकी सूचना प्रतापगढ़ पुलिस हेल्पलाइन नंबर 8764535201 अथवा प्रतापगढ़ पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल पर दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# जिला कलेक्टर ने विकास योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

## जल अर्पण, VB GRAM G, हरियालो राजस्थान और पंच गौरव अभियान की प्रगति पर लिया फीडबैक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी विभागाध्यक्षों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संपर्क पोर्टल, जल अर्पण अभियान, VB GRAM G, हरियालो राजस्थान एवं पंच गौरव अभियान सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने सिविक अमेनिटीज से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अजमेर विद्युत वितरण निगम, जल संसाधन विभाग एवं पंचायती राज विभाग को सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा औसत निस्तारण अवधि में सुधार लाने के निर्देश दिए।




**जल अर्पण अभियान में तय समय पर पूरे हों कार्य**

जल अर्पण अभियान की समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को अभियान के अंतर्गत चयनित नौ ग्राम पंचायतों में किए गए कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

**हर पंचायत में बने पोषण वाटिका और ग्रामीण हाट**

VB GRAM G अभियान की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने प्रत्येक पंचायत में पोषण वाटिका एवं ग्रामीण हाट विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सभी विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा।

उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा जारी जॉब कार्डों के अनुरूप अधिकतम लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

**हरियालो राजस्थान अभियान में जियो टैगिंग पर जोर**

हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा के दौरान जिन विभागों की प्रगति अपेक्षाकृत कम रही, उन्हें जियो टैगिंग के साथ पौधरोपण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने पौधरोपण की गुणवत्ता एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया।

**मक्का उत्पादों के बेहतर विपणन पर दिया जोर**

पंच गौरव अभियान की समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर ने मक्का एवं उससे तैयार उत्पादों के बेहतर विपणन की दिशा में प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। बैठक में जिला कलेक्टर ने मुख्य सचिव द्वारा हाल ही में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों से अधिकारियों को अवगत कराते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने तथा निर्धारित समयसीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला, वर्चुअल माध्यम से उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षिप्त

### युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। उप निदेशक डॉ. द्वारका प्रसाद गुप्ता ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए नशे से दूर रहकर स्वस्थ और जागरूक जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पदमा मील, डॉ. ओमप्रकाश साहू एवं डॉ. ममता सोनी ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए अभियान के उद्देश्य बताए। इस दौरान विद्यार्थियों ने 100 रविवार तक प्रत्येक सप्ताह पांच-पांच लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया तथा सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

### 5 अगस्त को राजनीतिक दलों की बैठक

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पंचायती राज एवं नगरपालिका चुनाव-2026 के मद्देनजर 5 अगस्त को शाम 4 बजे जिला कलक्ट्रेट के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक होगी। बैठक में मतदाता सूची एवं निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

### मोहर्रम जुलूस के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** मोहर्रम के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने तहसीलदार गिर्वा गणेश कुमार विजयवर्गीय को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। सोमवार-मंगलवार को निकलने वाले जुलूस के दौरान वे व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।

### मरम्मत कार्य से दो क्षेत्रों की जलापूर्ति प्रभावित

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** मानसी वाकल परियोजना की राइजिंग पाइपलाइन की मरम्मत के कारण 4 व 5 अगस्त को छीपा कॉलोनी, कोर्ट परिसर, सज्जन नगर एवं एकलव्य कॉलोनी क्षेत्रों की जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई गई है।

### पॉलिटेक्निक में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय उदयपुर एवं वल्लभनगर में विभिन्न पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर 6 से 14 अगस्त तक संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश दिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा।

### मेगा औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर 7 अगस्त को

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान वित्त निगम की ओर से 7 अगस्त को उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री परिसर में मेगा औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आयोजित होगा। शिविर में उद्योग स्थापना, विस्तार और विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी के साथ ऋण आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे।

### पुलिस मुख्यालय में हुआ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन



**भोपाल@पदमावत मीडिया।** पुलिस मुख्यालय में अगस्त माह के प्रथम कार्य दिवस 03 अगस्त, सोमवार को राष्ट्रगान जन गण मन एवं राष्ट्रगीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव, रवि कुमार गुप्ता सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर निगम की कार्रवाई, अतिक्रमण हटाकर चार कैंटर सामान जब्त

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने सोमवार को हल्दीघाटी मार्ग, दुर्गापुरा पुलिया, महावीर नगर, लालकोठी सब्जी मंडी और न्यूज 18 कार्यालय के पास अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर चार कैंटर सामान जब्त किया। कार्रवाई पूर्व में मिली शिकायतों के आधार पर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान जब्त सामान को निगम के गोदाम में भिजवाया गया।

## सीधी बात




### अंगदान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान




**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि अंगदान मानवता का महादान है और इससे जुड़ी भ्रांतियों व डर को दूर कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए। राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित अंगदान जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने अंगदान के साथ जन स्वास्थ्य जागरूकता और व्यसनमुक्त समाज के निर्माण पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष लाखों लोग अंग प्रत्यारोपण नहीं हो पाने से जान गंवा देते हैं, जबकि अंगदान करने वालों की संख्या अभी भी कम है। उन्होंने सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण सुविधाओं के विस्तार पर बल देते हुए उपस्थित लोगों को अंगदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अंगदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### कैदियों के बनाए 21 हजार सीड बॉल से हरित अभियान शुरू



**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर जिला कारागृह के कैदियों द्वारा तैयार किए गए 21 हजार सीड बॉल के रोपण अभियान का सोमवार को ग्राम पंचायत लाल मादड़ी से शुभारंभ किया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा और जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा सहित न्यायपालिका एवं प्रशासन के अधिकारियों ने अभियान में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने जनभागीदारी से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया। न्यायपालिका और प्रशासन के अधिकारियों ने सीड बॉल रोपण को हरित भविष्य की दिशा में प्रभावी पहल बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। अभियान के तहत सभी ने निर्धारित क्षेत्रों में सीड बॉल रोपित कर पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ भी ली।

### रिश्वतखोरी के मामले में कड़प्पा एयरपोर्ट के पूर्व एजीएम को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

» सीबीआई ट्रैप में 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था आरोपी, अदालत ने 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया




**नई दिल्ली/कर्नूल@पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत, कर्नूल ने रिश्वतखोरी के एक मामले में कड़प्पा हवाई अड्डे के तत्कालीन सहायक महाप्रबंधक (एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट) एवं कार्यवाहक एयरपोर्ट निदेशक मुकुंदगिरि रंगाचारी श्रीनिवासन को तीन वर्ष के कठोर कारावास तथा 50,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। सीबीआई ने इस मामले में 24 जुलाई 2015 को प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप था कि आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक ठेकेदार के लंबित बिलों का शीघ्र भुगतान कराने तथा उसकी फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई नहीं करने के बदले 50,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को मांगी गई रिश्वत की पहली किस्त 25,000 रुपये स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जांच पूरी होने के बाद 29 फरवरी 2016 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के बाद सीबीआई की विशेष अदालत, कर्नूल ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### तकनीकी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण अवधि को सेवा में जोड़ने की उठाई मांग



**कोटा@पदमावत मीडिया।** थर्मल कर्मचारी संघ (इंटक) ने राजस्थान विद्युत निगमों में विभिन्न वर्षों में भर्ती हुए तकनीकी कर्मचारियों की तीन वर्षीय आईटीआई प्रशिक्षण अवधि को नियमित सेवा में शामिल करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों से नियमित तकनीकी कार्य कराया गया और उन्हें विभागीय सुविधाएं भी दी गईं, बावजूद इसके इस अवधि को सेवा लाभों में नहीं जोड़ा गया।

संघ ने कहा कि प्रशिक्षण अवधि को सेवा में शामिल नहीं किए जाने से कर्मचारियों की वरिष्ठता, वेतनवृद्धि, चयन वेतनमान, पदोन्नति और पेंशन प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में न्यायालयों के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए प्रशिक्षण अवधि को नियमित सेवा मानते हुए सभी विद्युत निगमों में समान नीति लागू करने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी इसका लाभ देने की मांग की गई।

### बिटकॉइन निवेश घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 8.54 करोड़ की संपत्तियां कुर्क



**देहरादून@पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिटकॉइन निवेश घोटाले में आरोपी हेमंत ईश्वर शर्मा की करीब 8.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी ने BTCFUND.IS वेबसाइट के जरिए निवेशकों को बिटकॉइन पर भारी मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी की। ब्लॉकचेन जांच में करीब 856.23 बिटकॉइन की अपराध से अर्जित आय का पता चला।

ईडी के अनुसार आरोपी इस राशि का उपयोग अचल संपत्तियां, लग्जरी वाहन खरीदने और अन्य निवेशों में करता रहा। इससे पहले भी उसकी 4.56 करोड़ रुपये की

### राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर अंगदान का संदेश, चिकित्सक व परिजन सम्मानित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आरएनटी मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय में राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी और विधायक ताराचंद जैन ने अंगदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों का वैज्ञानिक आधार पर निराकरण किया।

कार्यक्रम में अंगदान जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों, ऑर्गन ट्रांसप्लांट समन्वयकों तथा पूर्व अंगदाताओं के परिजनों का सम्मान किया गया। वहीं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के 100 से अधिक चिकित्सकों और मेडिकल विद्यार्थियों ने अंगदान की शपथ लेकर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।





### अंडमान-निकोबार में तटीय सुरक्षा को मिलेगा नया बल, मरीन पुलिस के लिए दो सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शुरू

» नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग (एनएसीपी) की टीम दे रही प्रशिक्षण, 60 पुलिसकर्मी होंगे प्रशिक्षित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**श्री विजयपुरम/अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस मरीन फोर्स ने तटीय सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए दो सप्ताह का कोस्टल पुलिसिंग कैप्सूल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह प्रशिक्षण 3 से 14 अगस्त 2026 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान (NSCBPTI), प्रोथरापुर में नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग (NACP), ओखा (गुजरात) की प्रशिक्षक टीम द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन-2025 की सिफारिशों तथा गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। द्वीप समूह से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को नियमित 10 सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए भेजने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनएसीपी की पांच सदस्यीय प्रशिक्षक टीम को अंडमान भेजा गया है।





प्रशिक्षण में अंडमान एवं निकोबार के सभी तटीय पुलिस थानों से 60 पुलिसकर्मी भाग ले रहे हैं। उन्हें समुद्री सुरक्षा, तटीय निगरानी, नौवहन, सीमैनशिप, बोर्डिंग प्रक्रिया, खोज एवं बचाव अभियान, समुद्री संचार, समुद्री कानून प्रवर्तन तथा विभिन्न एजेंसियों के समन्वय जैसे विषयों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उद्घाटन समारोह में पुलिस महानिदेशक रविंद्र सिंह यादव (आईपीएस) मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर आईजीपी गीता रानी वर्मा, एसपी (पुलिस मरीन फोर्स) श्वेता के. सुगाथन, एनएससीबीपीटीआई के प्राचार्य उमा शंकर, डीएसपी अंकिश यादव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस महानिदेशक ने अपने संबोधन में समुद्री पुलिस की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताया। अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने कहा कि मरीन पुलिस बल की क्षमता बढ़ाने और समुद्री कानून प्रवर्तन को प्रभावी बनाने के लिए ऐसे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे। पुलिस ने आमजन एवं मछुआरा समुदाय से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की सूचना 03192-39247, 1093 अथवा 112 पर देने की अपील की है।

### सवीना थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

» आपसी रंजिश में चाकू से हमला करने का आरोप, मामले की जांच जारी




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** उदयपुर की सवीना थाना पुलिस ने आपसी रंजिश में चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी मोहसीन खान उर्फ टीटी (18) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सामाजिक कार्यक्रम के दौरान आरोपी और उसके साथी ने चाकू से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई थीं। रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# अंतरराष्ट्रीय साइबर स्लेवरी गिरोह का भंडाफोड़, विदेश में नौकरी का झांसा देकर भारतीयों से कराते थे साइबर ठगी

» पांच आरोपी गिरफ्तार, लाओस, कंबोडिया, म्यांमार और वियतनाम तक फैला था नेटवर्क

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



राजकरण उर्फ रॉक्स उर्फ रोनी राजपूत | सागर सिंह | जीतुराज उर्फ जेम्स | रविकुमार उर्फ माही | अनिल उर्फ डेविल

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की स्टेट साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी और मानव तस्करी से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह युवाओं को विदेश में 800 से 1000 अमेरिकी डॉलर प्रतिमाह वेतन का लालच देकर कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार और लाओस भेजता था, जहां उनके पासपोर्ट जब्त कर उन्हें डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, क्रिप्टो फ्रॉड और अन्य साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया जाता था। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) से प्राप्त सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

**राजस्थान के 500 से अधिक युवक पहुंचे साइबर स्कैम सेंटर**

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) विजय कुमार सिंह ने बताया कि आई4सी के डाटा विश्लेषण में राजस्थान के 500 से अधिक लोगों की पहचान हुई है, जिन्हें इन देशों के साइबर स्कैम सेंटरों में भेजा गया था। इनमें से कई अब तक भारत नहीं लौटे हैं। लौटे पीड़ितों ने खुलासा किया कि वहां उनके साथ मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और जबरन साइबर ठगी करवाई जाती थी।

**ब्यावर से जुड़े आरोपी, कोलकाता से तीन गिरफ्तार**

जांच के दौरान पुलिस ने ब्यावर निवासी राजकरण उर्फ रॉनी (ROXX) और सागर सिंह को गिरफ्तार किया। इनके मोबाइल फोन, पासपोर्ट और डिजिटल साक्ष्यों से विदेशी हैंडलर्स, वीपीएन, बायनेन्स (Binance), फर्जी जीपीएस और अंतरराष्ट्रीय साइबर नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिले। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने ब्यावर निवासी जीतूराज उर्फ जेम्स, रवि कुमार उर्फ माही और अनिल कुमार उर्फ डेविल को कोलकाता से उस समय गिरफ्तार किया, जब वे टूरिस्ट वीजा पर म्यांमार जाने की तैयारी में थे।

**फर्जी प्रोफाइल बनाकर करते थे करोड़ों की साइबर ठगी**

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि साइबर स्कैम सेंटरों में पहले उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाता था। इसके बाद फर्जी महिला प्रोफाइल बनाकर भारतीय नागरिकों से सोशल मीडिया पर दोस्ती की जाती थी। विश्वास जीतने के बाद क्रिप्टोकरेंसी और निवेश में भारी मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी की जाती थी। ठगी की रकम म्यूल खातों के जरिए निकालकर क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर चीन और कंबोडिया के हैंडलर्स तक पहुंचाई जाती थी।

**पासपोर्ट छीनकर बनाते थे साइबर गुलाम**

जांच में सामने आया कि विदेश पहुंचते ही युवाओं के पासपोर्ट और पहचान पत्र जब्त कर लिए जाते थे। उनसे प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 11:30 बजे तक जबरन साइबर ठगी करवाई जाती थी। काम छोड़ने या विरोध करने पर हजारों डॉलर का जुर्माना, मारपीट और प्रताड़ना दी जाती थी।

**आरोपियों की भूमिका**

राजकरण उर्फ रॉनी (ROXX) कंबोडिया के पोइपेट स्थित स्कैम कंपाउंड में एचआर की भूमिका निभाता था। भारत लौटने के बाद उसने ब्यावर सहित कई युवाओं को विदेश भेजकर भारी कमीशन कमाया। सागर सिंह फर्जी महिला प्रोफाइल बनाकर भारतीय नागरिकों से दोस्ती करता था और उनकी आर्थिक जानकारी जुटाकर टीम लीडर को सौंपता था, जिसके बाद निवेश के नाम पर ठगी की जाती थी। जीतूराज उर्फ जेम्स बायनेन्स के माध्यम से क्रिप्टोकरेंसी ट्रांसफर करता था तथा भारत से फर्जी बैंक खाते, मोबाइल सिम और युवाओं के दस्तावेज साइबर स्कैम सेंटरों तक पहुंचाता था।

## खबर संक्षिप्त

### 313 विकास कार्यों को मिली 28.89 करोड़ की स्वीकृति

**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 313 विकास कार्यों के लिए 28.89 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला परिषद के अनुसार 233 ग्राम पंचायतों में 837 विकास कार्यों पर 14,267 श्रमिकों का नियोजन किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट अधिकारियों के सम्मान हेतु 11 अगस्त तक आवेदन

**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए 11 अगस्त दोपहर 12 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पुलिस सत्यापन के साथ निर्धारित समय में जमा करना होगा।

### 4 अगस्त को विभिन्न पंचायतों में लगेंगे फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर

**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 4 अगस्त को फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे। साथ ही शेष ग्राम पंचायतों में भी 4 से 7 अगस्त तक ग्रामीण सेवा शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### युवा संबल मेला आज, निजी कंपनियां करेंगी भर्ती

**डूंगरपुर@पदमावत मीडिया।** जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 4 अगस्त को पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में युवा संबल मेला-2026 आयोजित होगा। मेले में निजी कंपनियां विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेकर प्राथमिक चयन करेंगी, वहीं विभिन्न विभागों द्वारा रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक दस्तावेज, फोटो और बायोडाटा के साथ भाग ले सकते हैं।

### सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट की महिला इकाई की ओर से रविवार को गुलाब बाग में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेलकूद, भजन गायन और अंत्याक्षरी सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता की तथा भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मणिबेन पटेल, प्रदेश महामंत्री शर्मिला माली सहित ट्रस्ट की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

### प्रमुख शासन सचिव ने पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान का किया निरीक्षण



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास भाले ने सोमवार को राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं से संवाद कर प्रशिक्षण व्यवस्था और संस्थान की कार्यप्रणाली पर फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। निरीक्षण के दौरान प्रमुख शासन सचिव ने संस्थान में संचालित नशामुक्ति अभियान की सराहना करते हुए इसके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने संस्थान की विभिन्न आवश्यकताओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# जैन संघों द्वारा संचालित धर्म स्थान व्यवस्था हेतु त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर 18 से

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com
संवाददाता : माणकमल भंडारी



**जोधपुर।** बैंगलोर जैन सेवा परिषद द्वारा आयोजित जैन संघों द्वारा संचालित धर्मस्थान व्यवस्था हेतु त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 से 20 अगस्त तक होगा। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इसमें 22 से 52 वर्ष तक, कम से कम 12वीं पास अथवा उससे अधिक शिक्षित, कंप्यूटर, टैली एवं हिसाब-किताब के जानकार तथा अनुभवी एवं नौकरी की आवश्यकता रखने वाले ईमानदार व्यक्ति अपना आवेदन पत्र भरकर व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकते हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य जैन धर्मस्थलों की व्यवस्था संभालने हेतु जैन धर्म में आस्था रखने वाले जैन बंधुओं को जैन संघों के माध्यम से सेवा का अवसर प्रदान कर साधर्मिक सहयोग को बढ़ावा देना है। संस्था द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से अब तक लगभग 45 जैन बंधु विभिन्न जैन पेढ़ियों एवं जैन संघों के तत्वावधान में सेवाएं दे रहे हैं। संस्था द्वारा प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी का पूर्ण बायोडाटा एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त कर संबंधित जैन संघ से प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के बाद प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान भगवान के प्रति आस्था, दर्शन एवं वंदन, गुरुजनों के प्रति विनय, ट्रस्टियों के प्रति आदर तथा श्रद्धालुओं के प्रति मधुर व्यवहार का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जैन बंधुओं को धर्मस्थलों से जोड़ने का उद्देश्य समाज के संस्कारों एवं संस्कृति का संरक्षण करना भी है। जिन जैन बंधुओं के पास रोजगार नहीं है, वे ही आवेदन पत्र भरें। प्रत्येक अभ्यर्थी को दो आवेदन पत्र भेजे जाएंगे, जिनमें एक स्वयं द्वारा तथा दूसरा संबंधित जैन संघ से भरवाकर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजना होगा। संचालन समिति द्वारा अनुमोदन के बाद प्रशिक्षण में भाग लेने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था के संरक्षक माणकमल भंडारी, विमल गुरुजी, विनय भाई एवं संजय भाई से संपर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्र एवं अधिक जानकारी के लिए वसंत भाई – 9448462049 तथा राजकुमार – 9167633755 से संपर्क किया जा सकता है।


# गुलाबबाग ओपन जिम संचालन का जिम्मा सौंपा, शहर विधायक रहे उपस्थित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** शहर के गुलाबबाग स्थित ओपन जिम के संचालन का जिम्मा सोमवार को एस.एस. इंजीनियरिंग को सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन एवं अलीम भाई उपस्थित रहे। अतिथियों का शॉल, पगड़ी, उपरणा एवं माला पहनाकर रुपलाल जैन, डॉ. किरण जैन, कैलाश अग्रवाल, अनीत एवं दिनेश ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन ने एस.एस. इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक अलीम भाई को दरवाजे की चाबी सौंपते हुए कहा कि ओपन जिम की सफाई व्यवस्था एवं रखरखाव संबंधी सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन अब एस.एस. इंजीनियरिंग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रातःकाल भ्रमण के लिए आने वाले नागरिकों को ताजी एवं स्वच्छ हवा के बीच नियमित व्यायाम का लाभ भी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रकृति की गोद में किया गया व्यायाम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार भी करता है। कंपनी का यह सराहनीय प्रयास स्वस्थ, जागरूक एवं सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एस.एस. इंजीनियरिंग के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक अलीम भाई ने कहा कि एक सफल उद्योगपति होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता, जनसेवा और सामाजिक विकास के प्रति गहरी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उद्योग केवल व्यवसाय का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को लौटाने का भी एक सशक्त माध्यम है। इसी भावना के साथ उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनकी कंपनी समय-समय पर जनहित एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपनी सेवाएं प्रदान करती रहेगी। समारोह में अरविंद पाठक, उमेश सोमानी, अजय शर्मा, रुपलाल जैन, डॉ. किरण जैन, कैलाश अग्रवाल, दिनेश, राजकुमार भोरावत, अजित जैन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरण जैन ने किया।

## निर्मल मन से की गई तपस्या ही सच्ची साधना : प्रशांत अग्रवाल




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** नारायण सेवा संस्थान की ओर से सावन मास में आयोजित शिव कथा में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने भगवान शिव और मां सती के दिव्य मिलन की कथा सुनाते हुए कहा कि सच्ची तपस्या वही कर सकता है, जिसका मन निर्मल और भाव पवित्र हों। उन्होंने कहा कि तपस्या केवल शरीर को कष्ट देने का नाम नहीं, बल्कि मन को विकारों से मुक्त कर ईश्वर के प्रति समर्पित करना है।

कथा प्रसंग में उन्होंने मां सती की साधना और भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा का वर्णन किया। कहा कि भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में त्याग और वैराग्य को आत्मशुद्धि का मार्ग माना गया है। आज भी कलियुग में जैन धर्म सहित विभिन्न आध्यात्मिक परंपराओं में अनेक युवक-युवतियां सांसारिक मोह-माया का त्याग कर संयम और वैराग्य का मार्ग अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक वैराग्य बाहरी स्वरूप में नहीं, बल्कि मन के भीतर जन्म लेता है। अग्रवाल ने कहा कि भगवान शिव का जीवन त्याग, करुणा, संयम और समभाव का संदेश देता है। यदि मनुष्य अपने भीतर के अहंकार, लोभ, क्रोध और मोह पर विजय प्राप्त कर ले तो उसका जीवन ही साधना बन जाएगा।

कथा के दौरान भजनों और शिव स्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नारायण सेवा संस्थान से लाभान्वित दिव्यांग भी भजनों पर झूमते रहे। उनके परिजनों ने बड़ी संख्या में कथा का श्रवण किया। कथा स्थल पर शिव भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने कथा के दौरान जयकारे लगाए।

## सोशल मीडिया पर खतरनाक बाइक स्टंट करने वाला इंस्टाग्राम रीलबाज गिरफ्तार

» सड़क पर जानलेवा स्टंट कर वीडियो किया था अपलोड, पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सोशल मीडिया पर खतरनाक बाइक स्टंट कर वीडियो अपलोड करने वाले एक युवक को झाड़ोल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया टीम अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की सूचना पर की गई। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया निगरानी के दौरान इंस्टाग्राम पर सार्वजनिक सड़क पर बाइक से खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सामने आया। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी करण (19) निवासी बीड़ा, थाना झाड़ोल को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने रील बनाने के लिए स्टंट करना स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत कार्रवाई की गई। उदयपुर पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज के लालच में अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संवेदनशील मामलों में उत्कृष्ट कार्य पर एडीजी विशाल बंसल सम्मानित

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (एसओजी) विशाल बंसल को भारत सरकार के इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। यह सम्मान संवेदनशील मामलों के सफल निष्पादन, उत्कृष्ट पेशेवर दक्षता, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दिया गया। इस उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने एडीजी विशाल बंसल को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की और शुभकामनाएं दीं।

## आपसी सहमति से हुआ भूमि विभाजन, वर्षों पुराना विवाद हुआ समाप्त



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 आमजन की वर्षों पुरानी समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इसी क्रम में तहसील तूंगा की ग्राम पंचायत नगराजपुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में सह-खातेदारों के मध्य लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद का आपसी सहमति से समाधान कर बड़ी राहत प्रदान की गई। ग्राम नगराजपुरा निवासी मधुसूदन पुत्र मोहनलाल एवं रमेश चंद पुत्र घीस्या की कृषि भूमि खसरा संख्या 102 से संबंधित सह-खातेदारी भूमि का विवाद लंबे समय से लंबित था। भूमि के विभाजन नहीं होने के कारण दोनों पक्षों को कृषि कार्य, राजस्व संबंधी कार्यों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व अधिकारियों ने मामले का परीक्षण कर राजस्व अभिलेखों के आधार पर आपसी सहमति से तकासमा (विभाजन) की कार्रवाई पूर्ण कराई। इससे वर्षों से चला आ रहा भूमि विवाद समाप्त हो गया तथा दोनों सह-खातेदारों को अपनी-अपनी भूमि पर पृथक अधिकार प्राप्त हो गया। समस्या का समाधान होने पर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं ग्रामीण सेवा शिविर में कार्यरत अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से वर्षों पुरानी समस्या का त्वरित समाधान हुआ है, जिससे अब कृषि कार्यों, ऋण, सरकारी योजनाओं एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी।

# 16वें राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर रेखा जैन सम्मानित

**15 वर्षों में लगभग 1000 नेत्रदान करवाकर बनीं सेवा की मिसाल, राजस्थान की पहली महिला नेत्रदान काउंसलर**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** 16वें राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाराणा भूपाल चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में कार्यरत रेखा जैन, आई डोनेशन काउंसलर को नेत्रदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। रविंद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज में आयोजित समारोह में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राहुल जैन, महाराणा भूपाल चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन, अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. विपिन माथुर तथा अंगदान अधिकारी एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. तरुण रलोत ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान किया। रेखा जैन पिछले 15 वर्षों से नेत्रदान जागरूकता अभियान से जुड़ी हुई हैं और अब तक लगभग 1000 नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। वे राजस्थान की पहली महिला नेत्रदान काउंसलर हैं, जो महाराणा भूपाल चिकित्सालय की मोर्चरी, आईसीयू एवं विभिन्न वार्डों में परिजनों को नेत्रदान के प्रति जागरूक कर परामर्श प्रदान करती हैं। उनके प्रयासों से सभी वर्गों, जातियों एवं धर्मों के लोगों ने नेत्रदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया है। रेखा जैन ने बताया कि नेत्रदान एक अत्यंत सरल एवं सुरक्षित प्रक्रिया है। इसमें पूरी आंख नहीं निकाली जाती, बल्कि केवल कॉर्निया लिया जाता है, जिसका आकार एक छोटी बिंदी के समान होता है।

इससे चेहरे पर किसी प्रकार की विकृति नहीं आती। 2 वर्ष से 85 वर्ष तक की आयु के अधिकांश व्यक्ति, कुछ गंभीर बीमारियों को छोड़कर, नेत्रदान कर सकते हैं। एक नेत्रदाता के कॉर्निया से दो दृष्टिबाधित लोगों को नई रोशनी मिल सकती है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के निधन के बाद घर अथवा अस्पताल में नेत्रदान की प्रक्रिया की जा सकती है। नेत्रदान संबंधी जानकारी अथवा सहायता के लिए 87642 70752 पर किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है। 16वें राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर मिला यह सम्मान रेखा जैन की समर्पित सेवाओं, जागरूकता अभियान और नेत्रदान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान का सम्मान है।

## संयुक्त राष्ट्र में गूंजी मध्यप्रदेश पुलिस की मानवाधिकार आधारित पुलिसिंग, डीआईजी विनीत कपूर सम्मानित




**भोपाल@पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस की मानवाधिकार आधारित एवं जनकेंद्रित पुलिसिंग को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित विश्व मानवाधिकार शिखर सम्मेलन में वैश्विक पहचान मिली। डीआईजी (कम्युनिटी पुलिसिंग) डॉ. विनीत कपूर ने सम्मेलन में मध्यप्रदेश पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग, मानवाधिकार आधारित प्रशिक्षण और जनकेंद्रित कार्यप्रणाली को प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्हें मानवाधिकार शिक्षा एवं सामुदायिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ह्यूमन राइट्स हीरो अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन में डॉ. कपूर ने महिला हेल्प डेस्क, शक्ति समितियां, प्रोजेक्ट सृजन तथा राज्यव्यापी नशे से दूरी है जरूरी अभियान का उल्लेख करते हुए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से से नो टू ड्रग्स का संदेश भी दिया। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश पुलिस की मानवाधिकार उन्मुख कार्यशैली, जनसहभागिता और नवाचारों की सराहना करते हुए इसे आधुनिक एवं अनुकरणीय पुलिसिंग मॉडल बताया।

## सवीना पुलिस ने फर्जी खातेदार खड़ा कर जमीन हड़पने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार

» फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी और विक्रय विलेख बनाकर करोड़ों की जमीन हड़पने की साजिश का खुलासा




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** उदयपुर की सवीना थाना पुलिस ने जमीन हड़पने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने असली खातेदार की जगह फर्जी व्यक्ति खड़ा कर फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी और विक्रय विलेख तैयार कर जमीन का नामांतरण करा लिया था।

पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, वृत्ताधिकारी छवि शर्मा तथा सवीना थानाधिकारी दलबीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए मनीष, नरेंद्र, चंद्रशेखर और सिकंदर को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का अवैध नामांतरण कराया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि विवादित भूमि से संबंधित पहले भी अलग-अलग थानों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं, जिनकी जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में से दो को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है, जबकि दो आरोपियों से पुलिस रिमांड पर पूछताछ जारी है।

# संपर्क संस्थान का राष्ट्रीय रजत जयंती महोत्सव 8–9 अगस्त को किशनगढ़ में

**देशभर से जुटेंगे साहित्यकार, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि, 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा का होगा उत्सव**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मदनगंज-किशनगढ़।** सामाजिक सेवा, साहित्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके संपर्क संस्थान का राष्ट्रीय रजत जयंती महोत्सव 8 एवं 9 अगस्त को अग्रसेन विहार, किशनगढ़ में भव्य रूप से आयोजित होगा। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से साहित्यकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां सहभागिता करेंगी।

रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता एवं पोस्टर विमोचन समारोह में संस्थान के अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने बताया कि 25 वर्ष पूर्व किशनगढ़ से सामाजिक सेवा के उद्देश्य से शुरू हुई संपर्क संस्थान की यात्रा आज राष्ट्रीय स्तर पर जनसेवा, साहित्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का प्रभावी अभियान बन चुकी है। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित यह महोत्सव संस्थान की 25 वर्षों की उपलब्धियों और सेवा कार्यों का उत्सव होगा।

**उद्घाटन सत्र में होगा पुस्तकों का लोकार्पण एवं रजत सम्मान**

संस्थान की महासचिव एवं समन्वयक रेनू 'शब्दमुखर' ने बताया कि 8 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे 'सेवा से संवेदना तक' विषय पर उद्घाटन सत्र आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी होंगे, जबकि अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में किशनगढ़ विधायक डॉ. विकास चौधरी, रोजियम डेवलपर्स के डायरेक्टर अर्पित जैन, आयोजन संयोजक डॉ. अखिल शुक्ला तथा मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन शामिल रहेंगे।

उद्घाटन सत्र में संपर्क साहित्य परिवार के सदस्यों की 11 नई पुस्तकों का लोकार्पण, संस्थान की स्थापना से जुड़े 25 वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, तथा शिक्षा, साहित्य, खेल एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 25 विशिष्ट विभूतियों को 'संपर्क रजत सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही संस्थान की 25 वर्षों की यात्रा पर आधारित वृत्तचित्र एवं विशेष स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा।

**साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का होगा संगम**

वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आरती भदौरिया एवं मार्गदर्शक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि 8 अगस्त को दोपहर 3 बजे 'सृजन से सरगम तक' विषय पर साहित्यिक सत्र आयोजित होगा, जिसमें पुस्तक चर्चा, साहित्यिक विमर्श और सम्मान समारोह होंगे। रात्रि 8 बजे 'रजत संध्या' के अंतर्गत संस्थान के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक एवं संगीत प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

**राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के साथ होगा समापन**

संस्थान के महासचिव सुनील अग्रवाल ने बताया कि 9 अगस्त को प्रातः 10 बजे 'शब्द से शिखर तक' विषय पर सामाजिक, शैक्षिक एवं साहित्यिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद समापन समारोह तथा 'शब्द से अनंत तक' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन के साथ दो दिवसीय राष्ट्रीय रजत जयंती महोत्सव का समापन होगा। पत्रकार वार्ता का संचालन डॉ. रेनू श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अमित अग्रवाल, गोपाल प्रधान एवं राशिका शर्मा सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में मार्गदर्शक प्रदीप अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महिलाओं की प्रतिभा, उद्यमिता और सम्मान का सबसे बड़ा मंच बनेगा 'महत्तम साहस 1.0'

**द मॉरल शॉपी आयोजित करेगा भव्य एक दिवसीय प्रदर्शनी एवं 'नारी शक्ति सम्मान समारोह 2.0', पदमावत मीडिया रहेगा आधिकारिक मीडिया पार्टनर**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महिलाओं की प्रतिभा, आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और सामाजिक योगदान को नई पहचान देने के उद्देश्य से द मॉरल शॉपी एवं द वॉयस ऑफ लेकसिटी के तत्वावधान में सितंबर माह के एक रविवार को 'महत्तम साहस 1.0' एवं 'नारी शक्ति सम्मान समारोह 2.0' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन महिला उद्यमियों, कलाकारों, प्रतिभाशाली महिलाओं और बच्चों को एक ही मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा सम्मान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

**पदमावत मीडिया निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका**

इस भव्य आयोजन का आधिकारिक मीडिया पार्टनर 'पदमावत मीडिया' रहेगा। पदमावत मीडिया आयोजन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि, महिला उद्यमियों की प्रेरक सफलता की कहानियों, सम्मान समारोह, प्रतियोगिताओं एवं सामाजिक संदेशों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाएगा। साथ ही महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, नवाचार और सामाजिक जागरूकता के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित कर इस आयोजन को प्रदेशभर में नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा।

**महिला उद्यमियों को मिलेगा अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर**




कार्यक्रम की आयोजिका मयूरा मेहता ने बताया कि महत्तम साहस 1.0 के तहत आयोजित एक दिवसीय प्रदर्शनी में उदयपुर, नाथद्वारा, कांकरोली, निम्बाहेड़ा, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजनगर, जयपुर सहित राजस्थान और आसपास के राज्यों की महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने का अवसर मिलेगा। हजारों आगंतुकों के बीच अपने उत्पादों का प्रदर्शन, विपणन तथा नए ग्राहकों से जुड़ने का यह एक प्रभावी मंच होगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में फैशन, हस्तशिल्प, गृह सज्जा, खाद्य उत्पाद, लाइफ स्टाइल, कला एवं अन्य अनेक उत्पादों की स्टॉल लगाई जाएंगी, जिससे स्थानीय महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर प्राप्त होगा।

**नारी शक्ति सम्मान समारोह बनेगा प्रेरणा का मंच**

आयोजन के दौरान समाज, शिक्षा, संस्कृति, उद्यमिता, सेवा, कला और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को 'नारी शक्ति सम्मान समारोह 2.0' के अंतर्गत सम्मानित किया जाएगा। प्रथम संस्करण की ऐतिहासिक सफलता के बाद इस बार समारोह को और अधिक भव्य एवं प्रभावशाली स्वरूप दिया जा रहा है, ताकि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान और मनोबल दोनों बढ़ाया जा सके।

**टैलेंट हंट और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की रहेगी धूम**

कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के लिए आकर्षक टैलेंट हंट आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही बहारों की रानी प्रतियोगिता, हाउजी, गायन, नृत्य, ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट सहित अनेक रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को सुनिश्चित पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जबकि विजेताओं को विशेष सम्मान एवं आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

**शॉपिंग, मनोरंजन और प्रेरणा का अनूठा संगम**

यह आयोजन केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एक ऐसा उत्सव होगा जहां खरीदारी, मनोरंजन, संस्कृति, महिला उद्यमिता और सामाजिक जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। शहर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां भी कार्यक्रम में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगी।

**महिलाओं के विकास को समर्पित रहेगा आयोजन**

आयोजिका मयूरा मेहता ने बताया कि महत्तम साहस 1.0 केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के साहस, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता को समर्पित एक सामाजिक अभियान है। इसका उद्देश्य महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए मंच उपलब्ध कराना, उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि द मॉरल शॉपी द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित सात आयोजनों के बाद अब यह नया आयोजन और भी बड़े स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। सभी महिलाओं, युवा प्रतिभाओं एवं उद्यमियों से इस आयोजन का हिस्सा बनने का आह्वान किया गया है। अधिक जानकारी, प्रतिभागिता एवं स्टॉल बुकिंग के लिए इच्छुक व्यक्ति मयूरा मेहता से संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षिप्त

### श्रावण के प्रथम सोमवार पर दीपेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक



**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर देवस्थान विभाग की ओर से राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर श्री दीपेश्वर महादेव में विधि-विधान से रुद्राभिषेक आयोजित किया गया। राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने भगवान शिव का जल, दुग्ध एवं पूजन सामग्री से अभिषेक कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित रुद्राभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं देवस्थान विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की।

### श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया भगवान शिव का अभिषेक



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास स्थित राज राजेश्वरी मंदिर में भगवान शिव का विधिवत अभिषेक किया। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का अभिषेक किया और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि तथा खुशहाली की प्रार्थना की।

### ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में आमजन को मिला योजनाओं का लाभ



**डूंगरपुर@पदमावत मीडिया।** ओबरी ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में विभिन्न विभागों ने मौके पर ही आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में राजस्व विभाग ने नामांतरण, नाम शुद्धिकरण और जाति प्रमाण-पत्र जारी किए, जबकि पंचायती राज विभाग ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आवासीय पट्टे वितरित किए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया तथा पशुपालन, कृषि और परिवहन विभाग ने भी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

### धर्म के बिना जीवन में सुधार असंभव : साध्वीश्री वसुधा म.सा.



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र, दूधिया गणेश जी में चातुर्मास प्रवचन के दौरान साध्वीश्री वसुधा म.सा. ने कहा कि धर्म के बिना जीवन में सुधार संभव नहीं है। उन्होंने गुप्त दान, समय के सदुपयोग तथा जप, तप और उपवास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धर्ममय जीवन अपनाने का संदेश दिया। प्रवचन के बाद उपप्रवर्तिनी महासती मंजुल ज्योति म.सा. के सानिध्य में श्री संघ दूधिया गणेश जी के नवीन कार्यालय का उद्घाटन नवकार महामंत्र के जाप के साथ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की भूमिका पर भी विचार व्यक्त किए गए तथा स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। नवीन कार्यालय के लाभार्थी प्रवीण पोरवाल एवं हितेश पोरवाल परिवार रहे।

### छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी के लिए 10 अगस्त तक आवेदन

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने विद्या संबल योजना के तहत जिले के राजकीय छात्रावासों में अस्थायी गेस्ट फैकल्टी के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषय पढ़ाने हेतु विषय विशेषज्ञ नियुक्त किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अगस्त शाम 4 बजे तक उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजसमंद कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। बालिका छात्रावासों के लिए केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।

### मेघ सेना के मुख्य संरक्षक बने अंबालाल मेघवाल

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सामाजिक संगठन मेघ सेना ने वरिष्ठ समाजसेवी अंबालाल मेघवाल को मुख्य संरक्षक नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी.के. मेघवाल ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन के सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यों को नई गति मिलेगी। अंबालाल मेघवाल लंबे समय से शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों और संगठन पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। संगठन ने उम्मीद जताई कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से मेघ सेना सामाजिक एकता, युवा सशक्तिकरण और समाजहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।

### उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए निरूपा पटवा को सुपर एक्सलेंसी अवार्ड



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, चिकित्सा सेवा और दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए निरूपा पटवा को सुपर एक्सलेंसी अवार्ड से सम्मानित किया गया। मोटिवेशनल सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से गोल्डन ट्यूलिप में आयोजित सम्मान समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में गजेंद्र सिंह शेखावत ने समाजसेवा को प्रेरणादायी कार्य बताते हुए सेवा भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अजय त्रिवेदी और डॉ. विकास शर्मा ने किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। निरूपा पटवा कई वर्षों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय हैं और विभिन्न सेवा गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।

### महिला सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम में छात्राओं को किया जागरूक




**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** राजकीय जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय में सोमवार को जिला पुलिस के तत्वावधान में महिला सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की उत्पीड़न की घटना पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से निर्भीक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता विकसित कर सुरक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण को बढ़ावा देना है।

**विजिलेंस को मिले अहम साक्ष्य**

# जेई व कर्मी के बैंक खाते और संपत्तियां खंगाल रही टीम

**लखनऊ, एजेंसी।** रिश्वतखोरी में फंसे लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के अवर अभियंता और सुपरवाइजर के खिलाफ अब आय से अधिक संपत्ति की जांच शुरू हुई है। शुरुआती जांच में आय से अधिक संपत्ति के कई अहम साक्ष्य मिले हैं। विजिलेंस अब इन सुबूतों की तस्दीक करेगी। साथ ही आरोपियों के बैंक खातों की डिटेल मांगने के साथ ही संपत्तियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। आने वाले समय में दोनों पर और शिकंजा कसेगा।

विजिलेंस ने शनिवार को एलडीए के अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा, सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश और निजी व्यक्ति श्रवण कुमार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने निर्माणाधीन भवन के खिलाफ कार्रवाई न करने के एवज में 15 लाख रुपये मांगे थे। जाल बिछाकर विजिलेंस ने 7.50 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

सूत्रों के मुताबिक विजिलेंस की जांच में ही सामने आया था कि आरोपी रिश्वतखोरी का ये खेल लंबे समय से चल रहा था। इन सभी ने लाखों-करोड़ों का खेल किया है। इसलिए पूरे नेटवर्क का भी पता किया जा रहा है। फिलहाल आय से अधिक संपत्ति होने की भी जानकारी मिली है, इसलिए गहनता से जांच शुरू की गई है।

**इस तरह से बने हैं कई गिरोह–** सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों



ने वसूली का पूरा खेल कबूला है। यही नहीं कुछ और लोगों के नाम भी बताए हैं, जो इस तरह के गिरोह चलाते हैं। मतलब इस तरह के कई अलग-अलग गिरोह बने हैं। जिसमें कुछ अधिकारी, कर्मचारी और बिचौलिए शामिल हैं। पहले शिकायत की जाती है और फिर वसूली के लिए दबाव बनाया जाता है। अधिकतर लोग रकम देने पर मजबूर होते हैं।

**नहीं दी रिश्वत तो निर्माण पर लगी रोक**

सूत्रों के मुताबिक विजिलेंस की जांच में एक और अहम तथ्य सामने आया है। दरअसल जो लोग रिश्वत नहीं देते थे उन मामलों में निर्माण कार्य पर रोक लगा दी जाती थी। तमाम तरह की जांच पड़ताल शुरू हो जाती थी। कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं। हालांकि अब जब विभाग प्रकरण की विभागीय जांच करेगा तब इसकी तस्दीक हो सकेगी। इसलिए इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

**जेल भेजे गए आरोपी**

विजिलेंस ने आरोपियों से लंबी पूछताछ की है। तमाम अहम सुबूत जुटाने के बाद रविवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी आरोपी जेल भेजे गए

# शिकायत के लिए एलडीए जारी करेगा टोल फ्री नंबर




**लखनऊ , एजेंसी।** इंजीनियर और सुपरवाइजर के रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद एलडीए अब एक टोल फ्री नंबर भी जारी करेगा, जिस पर निर्माण कराने वाले प्रताड़ित करने और उगाही करने वालों की शिकायत कर सकेंगे। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि नंबर जल्द ही जारी किया जाएगा। जो शिकायतें आएंगी, उनकी जांच होगी और दोषी पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पकड़े गए इंजीनियर व सुपरवाइजर की संपत्ति की जांच के लिए शासन और विजिलेंस को पत्र भी लिखा गया है।

**कई अन्य इंजीनियरों-सुपरवाइजरों पर भी नजर**

वहीं, सूत्रों ने बताया कि अभी अधिकारिक तौर पर पकड़े गए इंजीनियर और सुपरवाइजर की ही संपत्ति की जांच कराई जा रही है, लेकिन अंदरूनी तौर पर अब विजिलेंस को अन्य इंजीनियरों और सुपरवाइजरों पर भी नजर रखने के लिए कहा गया है।ऐसे में अब उन इंजीनियरों की गर्दन फंस सकती है, जिन्होंने अवैध निर्माण की काली कमाई से तमाम बेनामी संपत्तियां खड़ी की हैं।

# 10103 रुपये का हवाई टिकट, रिफंड में मिले सिर्फ 2686

**लखनऊ, एजेंसी।** इंदिरानगर निवासी चंद्रशेखर सिंह ने पहली मार्च को अबुधाबी से लखनऊ के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट में टिकट (जेड5एच9जेपी) बुक कराया था। इसके लिए उन्होंने 10,103 रुपये का भुगतान किया। ईरान-इस्राइल के बीच युद्ध के कारण उड़ान निरस्त किए जाने पर उन्हें रिफंड में 2686 रुपये ही मिले। ऐसे यात्रियों की लंबी फेहरिस्त है जिन्हें मामूली रिफंड मिला और वे इसकी शिकायतें दर्ज करवा रहे हैं। अमौसी एयरपोर्ट से खाड़ी देशों में आने-जाने वाली उड़ानें कई दिनों से निरस्त हैं। इससे करीब आठ हजार यात्री प्रभावित हुए हैं। उड़ानें रद्द होने के बाद अब यात्रियों को फुल रिफंड भी नहीं किया जा रहा है। कई यात्रियों ने एयरलाइनों पर रिफंड में कटौती करने का आरोप लगाते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से शिकायतें की हैं। यात्रियों ने मांग की है कि डीजीसीए मामले में हस्तक्षेप कर एयरलाइनों से स्पष्ट जवाब मांगे।

**रिफंड नहीं चाहिए, मिले यात्रा का विकल्प...** आदिल शेख की छह मार्च को रियाद से लखनऊ की एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट थी। एयरस्पेस बंद हो जाने से उनकी उड़ान (आईएक्स-190) को निरस्त कर दिया गया। आदिल का कहना है कि उन्हें रिफंड नहीं चाहिए। एयरलाइन रियाद या दम्माम से लखनऊ या दिल्ली के लिए विमान सेवा उपलब्ध कराए। अन्य यात्रियों ने भी इसकी मांग की है। विवेक प्रसाद ने शिकायत में बताया कि उनकी लखनऊ से दुबई की फ्लाइट आईएक्स-193 को बगैर सूचना दिए ही अचानक निरस्त कर दिया गया। वह फ्लाइट पकड़ने के लिए 500 किमी का सफर तय कर लखनऊ पहुंचे थे।

**मस्कट में फंसे, छूटेगी लॉ की परीक्षा–** कीर्ति बहुगुणा ने शिकायत में बताया कि छह मार्च की लखनऊ की उड़ान रद्द हो जाने से वह मस्कट में फंसे हैं। लॉ के अंतिम वर्ष के छात्र कीर्ति ने बताया कि नौ मार्च से उनकी परीक्षा शुरू हो रही है। फ्लाइट पकड़ने के लिए उन्होंने दुबई से ओमान तक सड़क मार्ग से सफर किया, लेकिन फिर ऐन वक्त पर उड़ान को निरस्त कर दिया गया। एयरलाइन से रिफंड तो मिला, लेकिन होटल व अन्य खर्च उठाने से इनकार कर दिया गया। कीर्ति का कहना है कि उनकी परीक्षा छूट जाएगी। भारत लौटने पर वह उपभोक्ता आयोग में इसकी शिकायत करेंगे।

**मस्कट और रियाद में फंसे 341 यात्री पहुंचे लखनऊ–** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच शनिवार को मस्कट और रियाद में फंसे 341 यात्री दो विमानों से लखनऊ पहुंचे। उधर, अमौसी एयरपोर्ट से इन खाड़ी देशों के लिए दो उड़ानों से 261 यात्री रवाना हुए। शनिवार को खाड़ी देशों को जाने और वहां से आने वाली नौ उड़ानें निरस्त रहीं। दुबई का एयरस्पेस अभी आंशिक रूप से ही खुला है।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। मो. नं. : +91-9594542679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in ( नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।